समाचार

मणिकंचन केन्द्र की सफाई मित्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान

(वार्ड क्र. 20 आरा मशीन बस्ती में किया साफ–सफाई कार्य)

कोरबा 27 दिसम्बर 2017 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 20 फलोद्यान के समीप बनाए गए मणिकंचन केन्द्र एस.एल.आर.एम.सेंटर में कार्यरत महिला स्वसहायता समूह की महिला स्वच्छता मित्रों ने वार्ड क्र. 20 आरामशीन बस्ती में स्वच्छता अभियान चलाकर विशेष साफ–सफाई का कार्य किया तथा बस्तीवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने व साफ–सफाई कार्यो में अपनी सहभागिता देने का आव्हान किया।

निगम में स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि आयुक्त श्री रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 के तहत सर्वेक्षण पूर्व की विभिन्न तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शहर को साफ–सुथरा रखने हेतु समस्त आवश्यक कदम उठाएं जा रहे हैं, नगर के विभिन्न संगठनों व स्वसहायता समूह के सदस्यों के साथ–साथ आमजन का सहयोग शहर के स्वच्छता कार्यो व गतिविधियों में प्राप्त किया जा रहा है। उन्होने बताया कि इसी कड़ी में बुधवार को मणिकंचन केन्द्र में कार्य करने वाली महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों सफाईमित्रों ने वार्ड क्र. 20 आरामशीन कांशीनगर बस्ती में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया तथा साफ–सफाई का कार्य संपादित किया। इस दौरान इन सफाईमित्रों ने बस्ती के नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपनी बस्ती, मोहल्ले को साफ–सुथरा रखने के प्रति निरंतर जागरूक रहें, घरों से निकले हुए कचरे को सार्वजनिक स्थानों पर न फेंके, निगम द्वारा प्रदान किए गए डस्टबिनों में कचरे को संग्रहित करके घर पर ही रखें तथा जब डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण हेतु सफाईमित्र पहुंचे तो उनके रिक्शे में ही कचरे को दें तथा शहर को साफ–सुथरा रखने में व साफ–सफाई की बेहतर व्यवस्था में निगम को अपना सहयोग दें।